संख्या- ए. 20011/30/2018- हिन्दी

भारत सरकार, गृह मंत्रालय
समन्वय निदेशालय (पुलिस बेतार)

खंड-9, कें.स. का. परिसर
लोधी रोड, नई दिल्ली -3
दिनांक- 02, सितम्बर, 2021

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार में हिंदी पखवाड़ा वर्ष 2021 का आयोजन।

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार मुख्यालय एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों में दिनांक 06 सितम्बर 2021 से 20 सितम्बर 2021 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार मुख्यालय और अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशनों में हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिंदी कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

तिथि व दिन	समय	कार्यक्रम का विवरण	प्रतिभाग
06/09/2021 (सोमवार)	1200 बजे	**निदेशक महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़ा उद्घाटन।**	निदेशालय मुख्यालय सहित अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी
07/09/2021 (मंगलवार)	1430-1530 बजे	**कर्मचारियों के लिए:** ऑनलाइन हिंदी निबंध प्रतियोगिता।	निदेशालय मुख्यालय सहित अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सभी कर्मचारी
08/09/2021 (बुद्धवार)	1100-1200 बजे	**अधिकारियों के लिए:-** ऑनलाइन हिंदी निबंध प्रतियोगिता।	निदेशालय मुख्यालय सहित अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सभी अधिकारी
09/09/2021 (बृहस्पतिवार)	कार्यालय समय में	प्रशासन एवं लेखा अनुभाग का राजभाषायी निरीक्षण	संबंधित अनुभाग
10/09/2021 (शुक्रवार)	कार्यालय समय में	संचार एवं भूमि व भवन अनुभाग का राजभाषायी निरीक्षण	संबंधित अनुभाग
13/09/2021 (सोमवार)	कार्यालय समय में	क्रय एवं पोलनेट अनुभाग का राजभाषायी निरीक्षण	संबंधित अनुभाग
14/09/2021 (मंगलवार)	1400 - 1700 बजे	हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा प्रतिज्ञा और ऑनलाइन माध्यम से वाद-विवाद प्रतियोगिता	निदेशालय मुख्यालय सहित अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी।

15/09/2021 (बुद्धवार)	1430-1630 बजे	<u>हिंदी कार्यशाला</u>:- भाग लेने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मोबाइल या पर्सनल कम्प्यूटर से ऑनलाइन जुड़ने का कार्य करेंगे।	निदेशालय मुख्यालय सहित अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी
16/09/2021 (बृहस्पतिवार)	कार्यालय समय पर	हिंदी अनुभाग द्वारा कार्यशाला एवं भंडार अनुभाग का राजभाषायी निरीक्षण	संबंधित अनुभाग
17/09/2021 (शुक्रवार)	कार्यालय समय पर	हिंदी अनुभाग द्वारा समन्वय एवं आई.टी. अनुभाग का राजभाषायी निरीक्षण	संबंधित अनुभाग
20/09/2021 (सोमवार)	1500-1600 बजे	प्रतियोगिताओं के परिणाम की उद्घोषणा और हिंदी पखवाड़ा का समापन।	निदेशालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी

2. हिंदी निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कर्मचारी **"कार्यालय में हिंदी में कार्य करने की आवश्यकता एवं आने वाली समस्याओं को दूर करने के उपाय"** विषय पर 500 से 700 शब्दों में निबंध लिखकर इसे स्कैन करके **dinesh.71@dcpw.gov.in** ई-मेल आईडी पर दिनांक 07/09/2021 को 1630 बजे तक मेल कर देंगे या व्यक्तिगत रूप से सहायक निदेशक (राजभाषा)/हिंदी अनुभाग में जमा करा सकते हैं।

3. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी **'वैश्विक महामारी कोविड-19 से जनजीवन में आए बदलाव के विषय पर निबंध लिखिए"** विषय पर 500 से 700 शब्दों में निबंध लिखकर इसे स्कैन करके **dinesh.71@dcpw.gov.in**.ई-मेल आईडी पर दिनांक 08/09/2021 को 1430 बजे तक मेल कर देंगे या व्यक्तिगत रूप से सहायक निदेशक (राजभाषा)/हिंदी अनुभाग में जमा करा सकते हैं।

4. अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता (ऑनलाइन माध्यम से) में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी **"डीजिटल माध्यमों का प्रचलन : परिवार और समाज पर इसका प्रभाव"** विषय पर 05 मिनट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम अपना व्याख्यान देंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मोबाइल फोन पर या कम्प्यूटर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतियोगि में भाग लेंगे।

5. निदेशालय के सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने अनुभाग एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्र में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करें और हिंदी निबंध एवं हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का नाम दिनांक 06 सितम्बर 2021 तक निदेशालय के हिंदी अनुभाग में भेजना सुनिश्चित करें। यह भी अनुरोध है कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक सरकारी कामकाज यथासंभव राजभाषा हिंदी में ही निष्पादित किए जाएं।

6. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

02.09.2021

(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
फोन नम्बर- 011-24361588
ई-मेल आईडी-rajivkumar.79@dcpw.gov.in

प्रतिलिपि.

1. निदेशक महोदय के प्रधान निजी सचिव : सादर सूचनार्थ
2. निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक/उप निदेशक
3. सभी अनुभाग अधिकारी/लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे.
4. ~~सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम्~~ मार्ग, नई दिल्ली
5. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली
6. सहायक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) - विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने और कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन प्रतियोगिता/कार्यक्रमों के संचालन हेतु समुचित व्यवस्था करने हेतु।
7. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/केन्द्र अधीक्षक: विभाग की सरकारी वेबसाइट के माध्यम से। अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों को हिंदी पखवाड़ा के आयोजन हेतु प्रत्येक केन्द्र को रू. 1000/- व्यय करने की सैद्धांतिक मंजूरी निदेशक महोदय द्वारा दी गई **है,** जिसका वहन वे उनके केन्द्र को जारी पेटी कैश (Petty Cash) के अंतर्गत कर सकते हैं।
8. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड